IMD की कलर कोडेड चेतावनियाँ

स्रोत: द हिंदू

केरल में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department- IMD) द्वारा कई ज़िलों के लिये कलर कोडेड चेतावनियाँ जारी की हैं।

- **IMD** ऐसे गंभीर या खतरनाक मौसम के बारे में लोगों को सचेत करने के लिये कलर कोडेड चेतावनियाँ जारी करता है जो क्षति, व्यवधान या जीवन के लिये खतरा उत्पन्न कर सकता है।
    - यह मौसम की गंभीरता के आधार पर **4 कलर कोडेड चेतावनियों** का उपयोग करता है, जो इस प्रकार हैं: **ग्रीन** (हरा), **येलो** (पीला), **ऑरेंज** (नारंगी)/**एम्बर** और **रेड** (लाल)।

//

- IMD की स्थापना वर्ष 1875 में भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (Ministry of Earth Sciences)** की एक एजेंसी के रूप में की गई थी।
    - यह मौसम संबंधी अवलोकनों, मौसम पूर्वानुमान और भूकंप विज्ञान संबंधी अध्ययन हेतु उत्तरदायी है।
    - इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
    - IMD विश्व मौसम विज्ञान संगठन (World Meteorological Organization) के छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों में से एक है।

और पढ़ें: IMD द्वारा मौसम का अनुवीक्षण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/imd-colour-coded-warnings